Promoting Tourism in Talatalghar Sibsagar. Assam

880. SHRI BHADRESWAR BURAGOHAIN; Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether there is any proposal under the Central Government's consideration for setting up of a 'light and &sound' show at Talatalghar Sibsagar, Assam to promote tourism there; and

(b) if so, by when the proposal is likely to be cleared?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAV RAO SCINDIA): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

विमान के लिए वार्षिक उपयुक्तता प्रमाणपत्र

881. **श्री रामसिंह राठवा :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत में किसी विमान के लिए वार्षिक उपयुक्तता प्रमाणपत्र लेने का कोई प्रावधान नहीं है ; और

(ख) यदि हां, तो इस व्यवस्था को शुरु न किए जाने के क्या कारण हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) जी, नहीं भारत में सभी विमानों को नागर विमानन महानिदेशक से एक वार्षिक उड़नयोग्यता प्रमाणपत्र लेना होता है जो उपयुक्त निरीक्षण के पश्चात् जारी किया जाता है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

विमानपत्तनों पर इन्स्ट्रूमेन्टल फ्लाइट रेटिंग व्यवस्था का प्रारंभ किया जाना

882. **श्री रामसिंह राठवा :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार भारत में विमानपत्तनों पर इन्स्ट्रूमेन्टल फ्लाइट रेटिंग व्यवस्था शुरु करने पर विचार कर रही है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) और (ख) राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण की 11 अंतर्देशीय हवाई अड्डों पर उपस्कर अवतरण प्रणाली संस्थापित करने की योजना है जोकि उन 18 हवाई अड्डों के अलावा है जहां यह सुविधा पहले ही उपलब्ध करा दी गई है ।

राज्य बिजली बोर्डों को हुए घाटे

883. **श्री रामसिंह राठवा :** क्या **विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत** मंत्री 7 जनवरी, 1991 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1166 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक राज्य बिजली बोर्ड को कितना-कितना लाभ और घाटा हुआ है ?

विद्युत और गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री कल्पनाथ राय) : विगत के तीन वर्षों के दौरान राज्य बिजली बोर्डों की हानियों/लाभों का ब्यौरा विवरण में दिया गया है । [देखिए परिशिष्ट 160, अनुपत्र संख्या 36]